




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 15 मई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 219 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










## हिन्दुओं के पक्ष में बड़ा फैसला

### भोजशाला मंदिर ही है

**● फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष जाएगा सुप्रीम कोर्ट**

**धार।** भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हिंदू पक्ष के वकील के अनुसार अदालत ने भोजशाला परिसर को हिंदू मंदिर माना है। कोर्ट ने जैन समाज और मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह निर्णय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिस पर अदालत ने भरोसा जताया है। भोजशाला मामले में अदालत के फैसले ने परिसर को देवी वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। धार-भोजशाला मामले पर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इंदौर उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 7 अप्रैल, 2003 के एएसआई के आदेश को आंशिक रूप से रद्द कर दिया है। इसके अलावा, न्यायालय ने हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का अधिकार प्रदान किया है और भोजशाला परिसर को राजा भोज की संपत्ति के रूप में मान्यता दी है। लंदन के एक संग्रहालय में रखी हमारी मूर्ति को वापस लाने की मांग के संबंध में, न्यायालय ने सरकार को इस अनुरोध पर विचार करने का निर्देश दिया है।

# नीट की नयी तारीख




## 21 जून को फिर होगी परीक्षा

**● 14 जून तक मिल जाएगा एडमिड कार्ड, एक बार फिर से तैयारी में जुट जाएं विद्यार्थी**

नई दिल्ली। नीट यूजी पेपर लीक मामले के चलते परीक्षा को रद कर दिया गया था। परीक्षा में लगभग 23 लाख से ज्यादा छात्रों मे भाग लिया था। नीट यूजी परीक्षा रद होने के बाद से ही परीक्षा में शामिल हुए लाखों छात्रों के मन में एक ही सवाल था, क्या नीट यूजी परीक्षा दोबारा आयोजित कराई जाएगी? इस सवाल का जवाब आ चुका है। जो होना था, वो गया गया, उस पर अब मिट्टी डालते हुए नीट यूजी परीक्षा से संबंधित एनटीए की ओर से आधिकारिक तिथि की घोषणा कर दी गई है। उम्मीदवार एक बार फिर तैयारी में जुट जाएं। एनटीए की आधिकारिक अधिसूचना के तहत नीट यूजी की परीक्षा 21 जून को देशभर में आयोजित कराई जाएगी। इसके साथ ही एनटीए की ओर से अगले कुछ दिनों में एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे। री-एग्जाम में भाग लेने वाले छात्र एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट neet.nta.nic.in पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

### क्या कहते हैं शिक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने माना कि विभागीय खामियों के चलते पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि '12 तारीख को जब हमको पता चला कि पेपर लीक हुए हैं तो हमने बड़ी जिम्मेदारी दिखाते हुए परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया।' इस बार हम एग्जाम में कुछ सुधार लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी पसंद का शहर चुनने का ऑप्शन खुला रहेगा। परीक्षा के समय में 15 मिनट का और इजाफा किया गया है। एग्जाम दोपहर 2 से शुरू होगा, शाम 5.15 बजे तक चलेगा। एडमिट कार्ड 14 जून तक मिल जाएगा।

### मछलीशहर सांसद की एआई से बनी फोटो वायरल करने में नपे भाजपा नेता



**जौनपुर।** मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज की एआई से बनाई गई फर्जी और मॉर्फ्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों के साथ आपत्तिजनक टिप्पणियाँ भी की गई हैं। सांसद प्रिया सरोज ने इस मामले में भाजपा नेता समेत दो लोगों पर आरोप लगाते हुए जौनपुर के एसएसपी कुंवर अनुपम सिंह को तहरीर दी है। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने आमोद सिंह और विशाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### बंगाल ने अपनाया 'योगी मॉडल'

**नई दिल्ली।** शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल में सख्त प्रशासनिक अभियान शुरू हो गया है। अभियान में तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश से लगभग दो दर्जन बुलडोजर मंगवाए गए हैं। सिलीगुड़ी उपमंडल कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक हुई, जिसमें उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम), पुलिस आयुक्त, दार्जिलिंग जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में तीन रुपये का इजाफा




**● सीएनसी का मूल्य भी दो रुपये प्रतिकिलो बढ़ाया गया**

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में CNG भी 2 रुपये प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली में अब एक किलो CNG के लिए 79.09 खर्च करने होंगे। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

### कीमतें बढ़ने पर कांग्रेस ने कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3.25 रुपये बढ़ाए जाने पर कांग्रेस ने इसे जनता पर कोड़े बरसाने के रूप में कहा। एक्स पर लिखा, 'महंगाई-मैन मोदी ने आज एक बार फिर जनता पर कोड़े बरसाए हैं। चुनाव खत्म-मोदी की वसूली शुरू।'

### साइकिल एकमात्र विकल्प



**लखनऊ।** आम जनता को 15 मई की सुबह महंगाई का एक बड़ा झटका लगा है। पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि के साथ-साथ सीएनजी (संपीड़ित प्राकृतिक गैस) भी महंगी हो गई है। इस बढ़ोतरी ने आम आदमी के बजट को और भी प्रभावित किया है। महंगाई के झटके पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज किया है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि आगे बढ़ना है तो साइकिल ही विकल्प है।

## सरकार की गलती का खामियाजा भुगतेगी जनता




**● पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी पर राहुल ने सरकार को घेरा**

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3 रुपये की बढ़ोतरी पर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे 'वसूली' करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पहला झटका है और बाकी वसूली किस्तों में की जाएगी, जो सरकार की गलतियों का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ईंधन की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के लिए प्रधानमंत्री मोदी को जिम्मेदार ठहराया और जनता के कल्याण के लिए दृढ़ रुख अपनाया। पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की गलतियों का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है और दावा किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी, जिसे उन्होंने वसूली करार दिया, किश्तों में की जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार की गलती, जनता को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया ऑलटाइम लो

**नई दिल्ली।** रुपया आज 15 मई को डॉलर के मुकाबले 30 पैसे गिरकर 95.94 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। इससे पहले गुरुवार को रुपया 95.64 के ऑल टाइम लो पर पहुंचा था। पिछले कुछ दिनों से रुपए में लगातार गिरावट जारी है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। इससे महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं और जियोपॉलिटिकल तनाव कम नहीं हुआ, तो रुपया जल्द ही 100 के स्तर को भी छू सकता है।



## अबूधाबी से यूएई को लेकर पीएम का बड़ा ऐलान

**● दोनों देशों ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर किया विमर्श**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। यूएई के एफ16 जेट विमानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान को यूएई के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कराते समय सुरक्षा प्रदान की। अबू धाबी में उतरने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से ऊर्जा सहयोग, साथ ही पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज अपने पांच देशों के दौरे की शुरुआत की, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा शामिल है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस राजनयिक दौरे का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सुरक्षा, नवाचार और हरित विकास जैसे क्षेत्रों में भारत की साझेदारियों को मजबूत करना और यूरोप और खाड़ी क्षेत्र के साथ नई दिल्ली के संबंधों को और बढ़ाना है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सौ-हार्दपूर्ण व्यक्तिगत संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि वे अक्सर यूएई के नेता से फोन पर बात करते हैं, लेकिन उनसे आमने-सामने मिलने के लिए उत्सुक थे। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत हर परिस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहेगा। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है।

### किसानों का चंडीगढ़ कूच, मोहाली बॉर्डर पर पुलिस से हिंसक झड़प

चंडीगढ़। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (BBMB) में सिंचाई सदस्य की स्थाई सदस्यता समाप्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ आज चंडीगढ़ की सड़कों पर भारी हंगामा देखने को मिला। संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने अपनी मांगों को लेकर 'लोक भवन' की ओर कूच किया, जिन्हें रोकने के लिए चंडीगढ़ पुलिस को वाटर कैनन (पानी की बौछारों) का सहारा लेना पड़ा। किसानों का आरोप है कि केंद्र सरकार बीबीएमबी के नियमों में बदलाव करके पंजाब और हरियाणा के अधिकारों को कम कर रही है।

### सोने-चांदी के दामों में गिरावट का सिलसिला जारी, निराशा में डूबे व्यापारी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में आज 15 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, एक किलो चांदी 19,693 रुपए घटकर 2.68 लाख रुपए रह गई, जो गुरुवार को 2.87 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,000 रुपए घटकर 1.58 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 16 अप्रैल को यह 1.61 लाख पर था। सोना ऑल टाइम हाई से 106 दिन में 17,962 और चांदी 1,18,433 सस्ती हुई है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख/10 ग्राम और चांदी ?3.86 लाख/किलो थी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 40.3°C
● तापमान न्यूनतम : 24.8°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 15 मई, शुक्रवार 2026 (3)





वाराणसी में भाजपा की ओर से गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की बचत को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने लोगों से ईंधन का आवश्यकता अनुसार उपयोग करने और वैकल्पिक ऊर्जा साधनों को अपनाने की अपील की।

जनमुख डेस्क

# अब चलेगी लू, चढ़ेगा पारा

## 47 डिग्री तक जा सकता तापमान, फिलहाल राहत के आसार नहीं



● गर्म हवाओं का एलो अलर्ट जारी

● तीखी धूप ने रोकी राहगीरों की राह

**वाराणसी।** वाराणसी में आंधी-बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन आज शुक्रवार से मौसम ने करवट ले लिया है। सुबह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। वहीं कल लू की चेतावनी दी गई है। 16 से 19 मई तक तीखी धूप के साथ तेज गर्म हवाएं चल सकती हैं। बृहस्पतिवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री कम रहा। दिन में करीब 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली, नमी 60 फीसदी से अधिक रही। यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से काशी सहित पूर्वांचल के कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक गर्म हवाएं चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी ने बताया कि एक-दो दिन बाद काशी लू की चपेट में आ सकता है। अगले छह से सात दिनों में तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। 20 मई तक दिन का अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### गंगा में इफ्तार करने वाले 8 आरोपियों को हाईकोर्ट से मिल गयी जमानत

● 18 मई को फिर होगी सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर बैठकर नानवेज पार्टी करने के 8 आरोपियों को 59 दिन बाद जमानत मिली। बाकी 6 आरोपियों की जमानत अर्जी पर सोमवार यानी 18 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस राजीव लोचन शुक्ला और जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच ने आरोपियों की जमानत मंजूर की। याची दानिश सैफी, आमिर कैफी और नुरुल इस्लाम की ओर से पहले जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। अन्य आरोपियों ने बाद में याचिका दाखिल की थी। सभी 14 आरोपियों की जमानत अर्जी पर अदालत एक साथ सुनवाई कर रही थी। 16 मार्च को भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजत जायसवाल ने वाराणसी की कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने 16 मार्च को ही इफ्तार पार्टी करने वाले 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद भी इनको एसीपी कोर्ट से जमानत नहीं मिली थी। पुलिस लाइंस में एसीपी कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया था।

### अग्रवाल समाज ने रैली निकाल कर स्कूल चलो अभियान के लिए किया जागरूक

● पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी अग्रवाल समाज द्वारा संचालित अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय इंटर कालेज, चौखंभा द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत विद्यालय के स्काउट बैंड के साथ एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक पंकज अग्रवाल एलआईसी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली के दौरान 'हर बच्चा स्कूल जाए, शिक्षा है जीवन का अधिकार, पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया आदि नारे लगाए जा रहे थे। रैली में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. देवेन्द्र प्रताप सिंह, राम कुमार गुप्ता, शम्भूनाथ दूबे, चन्द्र मोहन सिंह, देवेन्द्र नाथ गोस्वामी, डा. नीरज कुमार अग्रवाल, साधना, अरूण सिंह, विमल कुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र राम, दया राम आदि उपस्थित रहे।

### जीवन का हर क्षण इंसानियत को समर्पित हो : माता सुदीक्षा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में गुरुवार को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन हुआ। मलदहिया स्थित सत्संग भवन पर आयोजित विशेष सत्संग को वाराणसी जोन के जोनल इंचार्ज सिद्धार्थ शंकर सिंह ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि मानव जीवन का प्रत्येक क्षण सार्थक बने और हर पल इंसानियत, करुणा एवं मानवीय मूल्यों का प्रमाण प्रस्तुत करे। अंत में आशीर्वाद दिया कि सेवा, सुमिरण और सत्संग को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

### सीएचएस के छात्र राशिद पूरे कॉलेज में टॉप किया



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नेशनल इंटर कॉलेज पीली कोठी के वरिष्ठ अध्यापक रिज़वानुल्लाह के पुत्र राशिद रिजवान ने सेंट्रल हिंदू ब्वायज स्कूल कमच्छा वाराणसी, सीबीएसई 2026 की बोर्ड परीक्षा इंटर जीव विज्ञान वर्ग में 95.2 प्रतिशत हासिल कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसने अंग्रेजी में 90, मनो विज्ञान में 99, भौतिक विज्ञान में 94, रसायन विज्ञान में 95, जीव विज्ञान में 98 प्रतिशत अंक अर्जित किया। राशिद के पिता रिज़वानुल्लाह अध्यापक हैं। राशिद रिज़वान की कामयाबी पर नेशनल इंटर कॉलेज के प्रबंधक हाजी मकबूल हसन, प्रधानाचार्य मंजूर आलम, 'सुल्तान क्लब' के अध्यक्ष डॉ एहतेशामुल हक, उर्दू बीटीसी टीचर्स एसोसिएशन के महामंत्री जफर अंसारी ने मुबारकबाद दी है।

### स्टाम्प मंत्री ने 4 सड़क परियोजनाओं का फिर किया लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को उत्तरी विधानसभा के वरुणा पार क्षेत्र में विधायक निधि, पूर्वांचल निधि व डूडा निधि से 54 लाख 93 हजार रूपये लागत से स्वीकृत 4 सड़क नवनिर्माण कार्य का लोकार्पण का किया। उन्होंने मौके पर मौजूद विभागीय अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अन्य स्वीकृत कार्यों को भी युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण कराएं।

### बच्चों को बताए गए आत्मरक्षा के प्रभावी उपाय




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर के तत्वावधान में 'आत्म-सुरक्षा प्रशिक्षण' कार्यक्रम का आयोजन बृहस्पतिवार, को सायं 5 बजे से रविंद्रपुरी, लेन नं. 17 स्थित ए.एस. फिटनेस स्टूडियो 369 में किया गया। ब्लैक बेल्ट से सम्मानित प्रशिक्षक अर्जुन शेट्टी ने बच्चों को विभिन्न कलाओं के माध्यम से आत्म-सुरक्षा के प्रभावी उपाय बताए। साथ ही उन्होंने मेडिटेशन एवं योग के माध्यम से स्मरण शक्ति बढ़ाने के महत्वपूर्ण गुर भी सिखाए। अपने स्वागत भाषण में इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने बच्चों को आत्म-सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्लब की कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, एडिटर शिवा सेलेट, सुनीता प्रहलादका, डॉ. सौम्या बाजला, रश्मि अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, अंजू गुप्ता एवं भारती जायसवाल आदि उपस्थित रहीं। धन्यवाद ज्ञापन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर धारणी गुप्ता द्वारा किया गया।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर विचार मंथन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन में वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों एवं ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण उत्पन्न चुनौतियों से निपटने हेतु दिए गए 7 सूत्रीय सलाह पर विमर्श के लिए गुरुवार को दी स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक एम एस एम ई, इंडस्ट्रियल एस्टेट चांदपुर वाराणसी के सभागार में आयोजित की गई। विमर्श की अध्यक्षता दी स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश भाटिया ने किया। टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री की अपील का उद्देश्य नेशनल लॉस को कम करना है, इसके कई फायदे हैं रुपया और कमजोर नहीं होगा, डोमेस्टिक टूरिज्म बढ़ेगा, ट्रेड डेफिसिट भी कम होगा।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये गीतकार राजेंद्र गुप्ता

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश भोजपुरी संघ द्वारा दिवंगत प्रांतीय उपसचिव और मूर्धन्य साहित्यकार पत्रकार रहे भैयाजी बनारसी के ज्येष्ठ पुत्र राजेंद्र गुप्ता की पहली पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। डा.अपूर्व नारायण तिवारी 'बनारसी बाबू' ने कहा कि राजेंद्र गुप्ता एक अच्छे गीतकार, जिंदादिल इंसान थे । रचनकारों के गुजर जाने के बाद ही उनके महत्व का पता चलता है। इस मौके पर आयुर्वेदाचार्य दिनेश सिंह, पुरुषोत्तम मिश्र, सुशील पांडेय, सुरेश प्रसाद, मुन्नालाल साहनी, काशीनाथ तिवारी आदि शामिल थे।

### दालमंडी में तोड़-फोड़ जारी 500 पुलिसवालों की तैनाती

**वाराणसी।** दालमंडी चौड़ीकरण प्रोजेक्ट ने अब गति पकड़ ली है। इसी क्रम में लगातार PWD ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करवा रहा है। दालमंडी में इसी क्रम में गुरुवार की 22 मकानों पर ध्वस्तीकरण का हथौड़ा चला। इन सभी को नगर निगम ने जर्जर भवन का नोटिस 15 दिन पहले दिया था। इसे लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। दालमंडी में कई थानों की पुलिस, आर आर एफ और पीएसी के कुल 500 जवान तैनात किए गए हैं। बता दें कि दालमंडी में अभी तक 60 मकानों को तोड़ा जा चुका है और 45 मकानों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चल रही जिसमें दो वक्फ प्रॉपर्टी भी है। कुछ मस्जिदें भी तोड़ी जानी है लेकिन उनका नम्बर सबसे बाद में आएगा।

## दूध दो रुपया लीटर महंगा

● अमूल के बाद पराग डेयरी ने भी बढ़ाया दाम



**वाराणसी।** नगर के अधौगिक क्षेत्र स्थित पराग डेयरी ने अमूल और मदर डेयरी के बाद अपने दुग्ध उत्पादों की कीमतों में दो रुपये की वृद्धि की है। पराग की फूल क्रीम मिल्क का दाम अब 70 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 72 रुपये हो गया है। इसी प्रकार, तोड़ मिल्क का मूल्य 58 रुपये से बढ़कर 60 रुपये हो गया है। काऊ मिल्क का दाम भी 60 रुपये से बढ़कर 62 रुपये कर दिया गया है। पराग रेगुलर मिल्क का रेट 68 रुपये से बढ़ाकर 70 रुपये कर दिया गया है।

## पारिवारिक माहौल में सादगी के साथ मनायी गयी पं. लोकपति त्रिपाठी की 99वीं जयंती

● अगले साल मनायी जाएगी डायमंड जुबली जयंती



पं. राजेशपति त्रिपाठी एवं अन्य

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश सरकार में डेढ़ दशक तक कैबिनेट मंत्री के रूप में विभिन्न मंत्रालयों को दक्षता पूर्वक सम्हालने वाले कुशल जननेता, अखिल भारतीय कांग्रेस की वर्किंग कमेटी के पूर्व सदस्य, उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, काशी पूरे उत्तर प्रदेश के दिग्गज राजनेता स्वर्गीय पंडित लोकपति त्रिपाठी की 99वीं जयंती उनके पैतृक आवास औरंगाबाद हाउस में पारिवारिक वातावरण में मनाई गई। गोष्ठी से पूर्व पंडित जी के चित्र के पास दीप प्रज्ज्वलित करके पुष्पांजलि अर्पित की गई। विधान परिषद के पूर्व सदस्य पंडित राजेशपति त्रिपाठी ने बताया कि अगले वर्ष उनकी 100 वीं जयंती को बड़े पैमाने पर पूरे धूमधाम से मनायेंगे। जिसके अन्तर्गत वर्ष भर कहीं न कहीं विविध कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## गाजीमियां के श्रृंगार के साथ पलंग-पीढ़ी की रस्म अदायगी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हजरत सैयद सलार मसूद गॉजी रहमतुल्लाह अलैह का पलंग-पीढ़ी मेदनी की रस्म दरगाह कमेटी के गद्दीनशीन हाजी एजाजुद्दीन हाशमी के देखरेख और सदर हाजी से-राजुद्दीन अहमद के सरपरस्ती में आज शुक्रवार को अदा की गयी। इस मौके पर दरगाह परिसर के चारो तरफ तमाम जायरीन अकीदतमंदो के साथ पलंगपीढ़ी और निशान लेकर कमेटी के ओहदेदारान प्रशासन के निर्देशानुसार गाजीमियां बाबा का श्रृगार का कार्यक्रम मेदनी पलंग पीढ़ी का सारा सामान लेकर तमाम जायरीन दरगाह कमेटी के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्यरूप से डा0अजीजुर्रहमान, नियाजुद्दीन हाशमी,अब्दुल्लाह हाशमी, शमीम अख्तर डंके बरदार कैशर हयात हाशमी, आरिफ हाशमी, कोड़े बरदार निजामुद्दीन निशान बरदार मुख्तार अहमद मस्क बरदार अब्रदुल लतीफ फौव्वारा शामिल रहे।

### पीएमओ में 18 मई को जनसुनवाई करेंगे आयुष मंत्री



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु. महाराजगंज, बलिया होते 16 मई को 3:00 बजे वाराणसी पहुंचेंगे तथा 18 को प्रातः 10:30 बजे से वाराणसी के संसदीय कार्यालय पर जनसुनवाई करेंगे! उक्त सूचना मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने दी। डॉ. दयालु यहां जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करेंगे।



## सुल्तानपुर समाचार

### हिस्ट्रीशीटर ने खुद को तमंचे से मारी गोली, मौत



**सुल्तानपुर।** पलहीपुर गांव में बृहस्पतिवार दोपहर 25 वर्षीय हिस्ट्रीशीटर देवी प्रसाद यादव ने खुद को गोली मार ली। घर से करीब 50 मीटर दूरी पर बाग में उसका शव पड़ा मिला। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन व ग्रामीण पहुंचे तो वह खून से लथपथ महुआ के पेड़ के पास पड़ा था। गोली दाहिनी तरफ कनपटी पर लगी थी। फोरेंसिक टीम के साथ एएसपी वृज नारायण सिंह व सीओ सौरभ सामंत ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके से तमंचा और खोखा मिला है। मृतक देवी प्रसाद यादव को गांव में राणा के नाम से जानते थे। परिजनों ने बताया कि छह महीने से वह किडनी में संक्रमण की बीमारी से जूझ रहा था। आए दिन वह खुद को गोली से उड़ाने की धमकी देता था। मां कुमारी ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह भी उसने खुद को गोली मारने की बात कही थी। इसके बाद वह घर में चला गया और काफी देर तक नहीं निकला। दोपहर में वह बाग की ओर गया और तमंचा निकालकर कनपटी में गोली मार ली।

मृतक के बड़े भाई शीतला प्रसाद यादव ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। एसओजी प्रभारी शिवानंद यादव, धम्मौर के प्रभारी निरीक्षक विपेंद्र कुमार वर्मा, महिला थानाध्यक्ष हंसमती घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। सीओ सौरभ सामंत ने बताया कि देवी प्रसाद यादव के खिलाफ कुड़वार और नगर कोतवाली में कई प्राथमिकी दर्ज थी और कई बार जेल भी जा चुका था।

## देवरिया समाचार

### गाड़ियों की लाइन लगी, बाइक को 300 और कार का 500 से ज्यादा का फ्यूल नहीं मिल रहा

**देवरिया।** जिले में पेट्रोल और डीजल का गंभीर संकट गहरा गया है। जिले के कुल 202 पेट्रोल पंपों में से आधे से अधिक, यानी लगभग 104 पंपों पर ईंधन खत्म हो गया है। जिला मुख्यालय पर भी 13 में से 8 से अधिक पंप सूखे पड़े हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बाइक सवार, कार चालक और छोटे व्यवसायी घंटों इंतजार के बाद भी निराश होकर लौट रहे हैं क्योंकि उन्हें ईंधन नहीं मिल पा रहा है। जिन पेट्रोल पंपों पर अभी भी ईंधन उपलब्ध है, वहां भी सीमित मात्रा में ही पेट्रोल और डीजल दिया जा रहा है। कई पंपों पर बाइक के लिए केवल 300 रुपये और चार पहिया वाहनों के लिए 500 रुपये तक का ईंधन ही मिल रहा है।

## प्रयागराज समाचार

### अनुबंध राशि बताने को तैयार नहीं टोल प्लाजा, करोड़ों की स्टाम्प चोरी




**प्रयागराज।** अनुबंध राशि छिपाकर प्रयागराज मंडल के टोल प्लाजा करोड़ों रुपये डकार गए। निबंधन विभाग ने जानकारी मांगी तो टोल प्लाजा से कोई जवाब नहीं आया और जब टोल प्लाजा संचालक की तलाश शुरू की गई तो कोई सामने नहीं आया। स्टाम्प चोरी के इन मामलों में निबंधन विभाग की ओर से चार टोल प्लाजा के खिलाफ डीएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। वहीं, अन्य टोल प्लाजा अनुबंध राशि की जानकारी देने को तैयार नहीं हैं। बुधवार को ही कौशाम्बी स्थित टोल प्लाजा की ओर से डीआई स्टाम्प को जवाब भेजा गया कि यहां अनुबंध राशि के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसके लिए दिल्ली स्थित एजेंसी के मुख्यालय से संपर्क करें। डीआईजी स्टाम्प की ओर से अब तक प्रयागराज मंडल के एक दर्जन टोल प्लाजा को नोटिस देकर अनुबंध राशि के बारे में जानकारी मांगी जा चुकी है। टोल प्लाजा की ओर से जवाब न मिलने पर जब संचालकों को पत्र जारी कर इस बारे में जानकारी मांगी गई तो भी कोई जवाब नहीं आया। यहां तक कि जनसूचना अधिकार के तहत भी टोल प्लाजा की ओर से अनुबंध राशि के बारे में जानकारी नहीं दी गई। नियम है कि ग्रामीण क्षेत्र में टोल प्लाजा की अनुबंध राशि का दो फीसदी और अर्धनगरीय क्षेत्र में अनुबंध राशि का चार फीसदी स्टाम्प शुल्क देना होता है।

## मऊ समाचार

### महिला का पंखे से लटकता मिला शव, पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के कुचहरा गांव निवासी गुंजन चौहान का शव बृहस्पतिवार को उसके कमरे में लगे पंखे से साड़ी के फंदे से लटकता मिला। ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या बताया, जबकि मृतका के पिता ने अपने दामाद पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई है। रानीपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी अवधेश चौहान ने बताया कि उनकी बेटी गुंजन चौहान की शादी 10 जून 2019 को कुचहरा निवासी मनोज चौहान के साथ हुई थी। आरोप है कि दामाद मनोज और उसके परिजन दहेज को लेकर उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

## भदोही समाचार

### मौत की आखिरी सांस तक छह माह की बेटी को सीने से लगाए रही मां



**भदोही।** बुधवार को आए तूफान ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। सबसे दर्दनाक हादसा सुरियावां कोतवाली के खरगसेनपट्टी में हुआ। यहां नीम का पेड़ गिरने से मकान के मलबे में दबकर अशोक गौतम की पत्नी सुधा (30), बेटी आरूही (4), जूही (6 माह) और बेटे आदर्श (8) की मौत हो गई। जूही को सीने में लगाए सुधा का शव मलबे से निकाला गया तो लोगों का कलेजा कांप उठा। सुधा ने आखिरी समय तक अपनी बेटी को सीने से लगाए रखा। सुधा की देवरानी दुर्गा ने बताया कि वह अपने बच्चे को दवा दिलाने के लिए मायके भदोही के पकरी गई थी। वह लौटने वाली थी कि तूफान आ गया। वहीं पर रुक गई। दुर्गा ने बताया कि तूफान जैसे ही रुका, वह घर आ गई। इसी बीच यहां घटना हो गई। प्रधानपति फूल चंद गौतम, पड़ोसी प्रदीप गौतम और रामजीत यादव ने बताया कि जब तूफान आया तो हर कोई अपने अपने घरों की तरफ दौड़ पड़ा।

सुधा भी अपने तीनों बच्चों को लेकर घर पहुंच गईं। इस बीच हवा के तेज झोंके में नीम का पेड़ मकान पर गिर गया, जिससे मलबे के नीचे सुधा के अलावा उनकी बेटी आरूही, जूही और बेटे आदर्श दब गए। दुर्गा ने बताया कि सुधा के पति अशोक अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए मुंबई में काम करते हैं। हादसे की खबर के बाद वह शुक्रवार को लौटेंगे।

## चंदौली समाचार

### पशुओं को चारा देने गया युवक, हौद में गिरने से मौत

**चंदौली।** थाना क्षेत्र के नरौली गांव में बृहस्पतिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक पशुओं को चारा देने गया था, तभी उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह पानी से भरे हौद में गिर गया। नरौली गांव निवासी पवन यादव (20) सुबह करीब छह बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित पशुशाला में जानवरों को चारा देने गया था। पिता कमलेश यादव ने बताया कि इसी दौरान अचानक उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और संतुलन बिगड़ने से वह पास में बने पानी से भरे हौद में जा गिरा। कुछ देर बाद जब परिजन पशुशाला पहुंचे तो पवन को हौद में पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पिता के अनुसार पवन को पहले से मिर्गी की बीमारी थी और उसका उपचार चल रहा था।

## सोनभद्र समाचार

### जिला कारागार, सोनभद्र का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर का आयोजन



**सोनभद्र।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र श्री राहुल सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा जिला कारागार, सोनभद्र का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता/ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरान श्री अरुण कुमार मिश्र जेल अधीक्षक, सोनभद्र, श्री शशांक पटेल, डिप्टी जेलर, श्री गौरव कुमार डिप्टी जेलर तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें। जेल में निरूद्ध बंदियों की कुल सं0 772 थी जिसमें विचाराधीन बंदियों की सं0 591 एवं सिद्धदोष बंदियों की सं0 181 थी। जिला कारागार में सिद्धदोष बंदियों से एक-एक कर सजा के विरूद्ध अपील के बावत् बातचीत किया गया तथा सभी को बताया गया कि यदि वे किन्हीं कारणों से प्राइवेट अधिवक्ता के माध्यम से अपील करने में सक्षम ना हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से सजा के विरूद्ध अपीलीय न्यायालय में आयोजित कर सकते है। इसके अलावा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बंदियों की नियमानुसार सूचना संबंधित न्यायालय में देना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान बैरको में कैदियों से मुलाकात कर निःशुल्क विधिक सहायता, सजायाफ्ता बंदियों के अपील के प्रावधान के संबंध में नियमित पेशी खान-पान एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बावत् उन्हे बताया गया।

जेल में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों से एक-एक कर बातचीत कर उनके मुकदमें की प्रगति एवं जमानत के संबंध में पूछताछ किया गया। इसके अलावा उपस्थित सभी बंदियों को नालसा द्वारा चलायी गयी सभी स्कीमों के बारे में भी जागरूक करते हुए उसके लाभों से अवगत कराया गया। इसके अलावा कारागार सोनभद्र में स्थित पाकशाला, पाठशाला, नव निर्मित महिला बैरक, पुरुष बैरक, चिकित्सालय व लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया। बैरक में साफ-सफाई व गर्मी से बचाव के लिए किए गए इंतजाम को देखने के बाद बंदियों से उनके स्वास्थ के बारे में पूछा गया।

## बलिया समाचार

### खेत में भैंस चराने से मना करने पर लाठी से पीटा, वृद्धा की मौत

**रसड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के कैथीकला गांव में खेत में भैंस चराने से मना करने से नाराज मनबढ़ों ने वृद्धा भगवती देवी (60) की लाठी से पिटाई कर दी। इससे उनकी मौत हो गई। वहीं, पति शंभू राजभर (62), बेटा मुन्ना राजभर (40), बेटा सूरज राजभर (18), नातिन नेहा (12), प्रिया राजभर (16) घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। बहू की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात है। रसड़ा क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि कैथीकला निवासी मुन्ना राजभर की पत्नी फूलवंती देवी ने तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार की शाम सतेंद्र राम मेरे घर के आगे खेत में भैंस चरा रहा था। खेत में सब्जी व चारा की फसल बोई गई है।

## आजमगढ़ समाचार

### गबन के आरोप में निलंबित सहायक उद्यान निरीक्षक गिरफ्तार



**रानी की सराय।** राजकीय पौधशाला कोटवा में तैनात निलंबित सहायक उद्यान निरीक्षक भोला प्रजापति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए उप निदेशक उद्यान ने रानी की सराय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में सरकारी धन के गबन, सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा, कर्मचारियों को धमकाने और वित्तीय अनियमितता जैसे आरोप लगाए गए हैं।

उप निदेशक उद्यान जय करण सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि भोला प्रजापति, जो वर्तमान में निलंबित हैं, वह राजकीय पौधशाला कोटवा स्थित आयुष भंडार कक्ष और अतिथि कक्ष पर अवैध कब्जा कर रखा है। आरोप है कि सरकारी पौधों की बिक्री से प्राप्त धनराशि सरकारी खाते में जमा करने के बजाय निजी खाते में जमा की गई। इसके अलावा वित्तीय अनियमितता और सरकारी धन के दुरुपयोग के भी आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि निलंबन और जौनपुर संबद्ध किए जाने के आदेश के बावजूद भोला प्रजापति पौधशाला परिसर में रह रहा हैं और कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

महिला दैनिक श्रमिकों के साथ अभद्र टिप्पणी करने का भी आरोप लगाया गया है, जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल व्याप्त है। सीओ सिटी शुभम तोदी ने बताया कि रानी की सराय थाने में सहायक उद्यान निरीक्षक के पद पर तैनात भोला प्रजापति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी कर ली गई है।

## गाजीपुर समाचार

### सांसद ने ई-रिक्शा से की यात्रा, दिया ईंधन बचत का संदेश



**गाजीपुर।** वैश्विक ऊर्जा संकट और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत के बीच भाजपा की राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत ने बृहस्पतिवार को ईंधन बचत जागरूकता का संदेश देते हुए ई-रिक्शा से यात्रा की। उनके इस कदम को वैकल्पिक ऊर्जा और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं सांसद ने कहा कि आज पूरा विश्व ऊर्जा संरक्षण को लेकर गंभीर चिंता जता रहा है। कहा कि ऐसे समय में इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग केवल विकल्प नहीं, बल्कि समय की मांग बन चुका है।

## मीरजापुर समाचार

### आंधी/तूफान से क्षतिग्रस्त विद्युत आपूर्ति बहाल कार्य युद्ध स्तर पर अब 34 नग 34 केवीए लाईनों की विद्युत आपूर्ति की गई बहाल



**मीरजापुर।** अधिशासी अभियंता विद्युत योगेश कुमार ने बताया कि आधी/तूफान से क्षतिग्रस्त विद्युत आपूर्ति बहाल का कार्य जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देशन में युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 13.05.2026 (बुद्धवार) को समय लगभग 5:30 बजे जनपद-मीरजापुर में आये ऑधी-तूफान में विद्युत पोल, तार, परिवर्तक, इन्सुलेटर अत्यधिक संख्या में क्षतिग्रस्त हुए। जनपद-मीरजापुर में कुल-54 नग उपकेन्द्र स्थापित है जिनकों 132 के0वी0 पारेषण उपकेन्द्र से निकलने वाले कुल-45 नग 33 के0वी0 पोषक से विद्युत आपूर्ति की जाती है। 60-90 कि0मी0/घंटा से आये ऑधी-तूफान के कारण जनपद में 33 के0वी0/11 के0वी0/ एल0टी0 पोषक एवं वितरण परिवर्तक ब्रेक-डाउन/क्षतिग्रस्त हो गये।

ऑधी-तूफान बंद होने के उपरान्त लाइनों की पेट्रोलिंग करायी गयी, जिसमें कुल-1518 नग विद्युत पोल एवं 161 नग वितरण परिवर्तक तथा तार/ इन्सुलेटर क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुयी।

तदोपरान्त युद्धस्तर पर रात्रि भर कार्य करते हुए 14.05.2026 (गुरुवार) को सांय 05:00 बजे तक कुल 34 नग 33 के0वी0 लाइनों की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।

शेष लाइनों हेतु अनवरत कार्य किया जा रहा है यथा शीघ्र शेष विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी। आमजन मानस से अपील है कि धैर्य बनाये रखें एवं विद्युत अवस्थापना/ लाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

## जौनपुर समाचार

### शादी के 16 दिन बाद उजड़ गया ब्यूटी का सुहाग, चार बहनों का इकलौता भाई था गोविंदा



**जौनपुर।** जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के सौरइयां गांव में बुधवार रात ट्रैक्टर की टक्कर से गोविंदा अग्रहरि की मौत से परिजन बेसुध हो गए हैं। शादी के महज 16 दिन बाद ही सड़क हादसे में एक नई नवेली दुल्हन का सुहाग उजाड़ दिया। दुल्हन ब्यूटी के हाथों की मेहंदी का रंग फीका भी नहीं पड़ा था कि पति की मौत ने उसकी मांग का सिंदूर छीन लिया। गोविंदा चार बहनों के बीच इकलौता भाई था। घटना के बाद से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सरपतहां थाना क्षेत्र के बासूपुर (अढ़नपुर) निवासी गोविंदा (26) अपने माता पिता राम आसरे अग्रहरि की पांच संतानों में अकेला पुत्र था। चार बहनों में वह तीसरे नंबर पर था। गत 26 अप्रैल को पत्नी ब्यूटी संग फेरे लिए थे। चार महीने पहले ही उसकी मां संगीता की भी मौत हो गई थी। नियति के क्रूर खेल से न सिर्फ घर का इकलौता चिराग बुझ गया बल्कि उस पत्नी के मांग का सिंदूर भी धो दिया, जिसके हाथ की अभी मेहंदी का रंभ भी नहीं छूटा था। गोविंदा मुंबई में फल बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था।बृहस्पतिवार को उसका पुनः वापसी का टिकट भी था। इस बीच हमजापुर खुटहन निवासी मंतोष के बुलाने पर वह उससे मिलने गया था और वापसी में दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना के बाद से पत्नी ब्यूटी और छोटी बहन शिवांगी बेसुध हो गई हैं। तीन बहनों लक्ष्मी, मनीषा, सुंदरी का विवाह हो चुका था।

## गोरखपुर समाचार

### DDU के छात्र ने हॉस्टल के कमरे में लगाई फांसी



**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाना क्षेत्र स्थित महादेव बॉयज हॉस्टल में रहने वाले गोरखपुर यूनिवर्सिटी के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बृहस्पतिवार सुबह छात्र का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से एक पन्ने का सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें छात्र ने खुद को परिवार की उम्मीदों पर खरा न उतर पाने की बात लिखी है। मृतक की पहचान अलीगढ़ जिले के खैर बायपास रोड निवासी घनेंद्र चौधरी (23) के रूप में हुई है। वह इंदिरानगर क्षेत्र स्थित महादेव बॉयज हॉस्टल में अकेले कमरा लेकर रह रहा था।

पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है, जिसके बाद परिवार गोरखपुर के लिए रवाना हो गए। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम घनेंद्र हॉस्टल पहुंचा था और सीधे अपने कमरे में चला गया। बृहस्पतिवार सुबह तक कमरे से बाहर न निकलने पर हॉस्टल वार्डेन को शक हुआ। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद वार्डेन ने दोपहर करीब 12:30 बजे रामगढ़ताल पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी फॉरेंसिक टीम संग मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया तो छात्र का शव सीलिंग फैन से लटका मिला। जांच के दौरान कमरे से सुसाइड नोट बरामद हुआ। नोट में छात्र ने लिखा कि वह न अच्छा बेटा बन सका और न ही अच्छा छात्र। उसने अपने माता-पिता से माफी मांगते हुए अगले जन्म में उनके सपने पूरे करने की बात कही है। रामगढ़ताल थाना प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

## लाइफ मंत्र

### कावेरी नदी क्यों कहलाती है दक्षिण भारत की गंगा? जानें धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

भारत में गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि इसका धार्मिक महत्व है और इससे लोगों की आस्था और संस्कृति जुड़ी है। मान्यता है कि इसका जल इतना पावन है कि इसमें नहाने से सारे कष्ट, रोग और पाप दूर हो जाते हैं।

यही कारण है कि इस नदी को 'मोक्षदायिनी' कहा जाता है। गंगा उत्तर भारत की प्रमुख नदी है, जिसकी लंबाई लगभग 2525 किलोमीटर है। यह उत्तराखंड के गंगोत्री ग्लेशियर से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि गंगा की तरह दक्षिण भारत में ऐसी कौन-सी नदी है, जिसे पूजा जाता है। इस नदी का नाम है कावेरी।



यह नदी दक्षिण भारत की प्रमुख नदियों में से एक है। यह कर्नाटक के कोडगु जिले की ब्रह्मगिरी पहाड़ियों से निकलती है और तमिलनाडु होते हुए बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है। इसकी लंबाई लगभग 800 किलोमीटर है। जिस तरह गंगा उत्तर भारत के लोगों के जीवन, खेती और संस्कृति का आधार है, उसी तरह कावेरी नदी दक्षिण भारत की संस्कृति, कृषि और आस्था से जुड़ी है।

**कावेरी नदी का धार्मिक महत्व**


कावेरी नदी का उल्लेख कई प्राचीन ग्रंथों और पुराणों में मिलता है। इसे देवी स्वरूपा माना गया है और 'कावेरी अ मा' के रूप में पूजा जाता है।

तमिलनाडु में कावेरी स्नान को गंगा स्नान के समान पुण्यदायी माना जाता है। हर साल यहां कावेरी पुष्करम जैसे धार्मिक पर्व मनाए जाते हैं, जिनमें हजारों श्रद्धालु नदी में स्नान करने आते हैं।

**दो बड़े राज्यों की जीवनरेखा है**

कावेरी नदी दक्षिण भारत के दो बड़े राज्यों कर्नाटक और तमिलनाडु की जीवनरेखा है। इस नदी के जल से लाखों एकड़ भूमि की सिंचाई होती है और करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इस पर निर्भर करती है। इस नदी के किनारे बसे शहर जैसे मैसूर, त्रिची और तंजावुर इसके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाते हैं। ऐसे में कावेरी नदी को दक्षिण भारत की गंगा के रूप में माना जाता है। यह एक ऐसी नदी है जो न केवल जल प्रदान करती है, बल्कि दक्षिण भारत की संस्कृति, भक्ति और जीवन को भी पोषित करती है।

## बाबा बर्फानी के दर्शन का बना रहे हैं Plan? Online Registration का पूरा प्रोसेस जानें



अमरनाथ यात्रा 2026 की बात करें, तो 15 अप्रैल 2026 से इस यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया जा चुका है। अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन करना सबसे जरूरी होता है। अमरनाथ यात्रा काफी कठिन मानी जाती है। भारत में घूमने के लिहाज एक से बढ़कर एक जगहें मौजूद हैं। किसी को पहाड़ पसंद आते हैं, तो कुछ लोग समंदर किनारे घूमना पसंद करते हैं। वहीं कुछ लोग धार्मिक यात्रा पर भी जाना पसंद करते हैं। हर साल हमारे देश में कई तरह के धार्मिक यात्रा शुरू की जाती है। जैसे - चारधाम यात्रा और अमरनाथ यात्रा आदि। चारधाम में लोग गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन के लिए जाते हैं। वहीं अमरनाथ यात्रा में लोग महादेव यानी की बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाते हैं। अमरनाथ यात्रा 2026 की बात करें, तो 15 अप्रैल 2026 से इस यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया जा चुका है। अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन करना सबसे जरूरी होता है। अमरनाथ यात्रा काफी कठिन मानी जाती है। क्योंकि इस दौरान भक्तों को कठिन पहाड़ी रास्तों को पार करना होता है। ऐसे में अगर आप भी अमरनाथ यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर रही हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर बैठे रजिस्ट्रेशन करने के आसान तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जानें कब से शुरू हो रही है यात्रा**

बता दें कि अमरनाथ यात्रा 2026 की शुरूआत 03 जुलाई 2026 से हो रही है। वहीं यह यात्रा 28 अगस्त 2026 तक चलेगी। यानी की करीब 2 महीने तक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकेंगे। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा का हिस्सा बनते हैं।

**कब से शुरू हुआ रजिस्ट्रेशन**

अगर आप भी अमरनाथ यात्रा पर जाना चाहते हैं, तो इसके लिए देर न करें और जल्दी आवेदन करें। क्योंकि यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुके हैं। इस यात्रा के लिए सीटे लिमिटेड होती हैं।

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन**


सबसे पहले Shri Amarnath Shrine Board की ऑफिशियल वेबसाइट खोलें।
फिर रजिस्ट्रेशन फॉर्म डाउनलोड करें या भरें।
मांगी गई सही जानकारी भरें।
यात्रा की डेट और रूट चुनें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
सबमिट करने के बाद आपका परमिट जारी कर दिया जाएगा।

**ऐसे करें ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन**

आज चाहें तो ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी कर सकती हैं। जिसके लिए पूरे भारत में करीब 550 से ज्यादा बैंक ब्रांच में यह सुविधा मिलेगी। जैसे एसबीआई, ICICI बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एक्सिस बैंक और यस बैंक आदि। इन बैंकों में जाकर आप फॉर्म भरकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

**यात्रा के लिए जरूरी चीजें**

आवेदक की उम्र 13 से 70 साल के बीच होनी चाहिए।
आवेदक के पास वैलिड हेल्थ सर्टिफिकेट होना जरूरी है।
मेडिकल सर्टिफिकेट अप्रैल 2026 में जारी होना चाहिए।
जानें रजिस्ट्रेशन के जरूरी स्टेप्स
सबसे पहले Compulsory Health Certificate बनवाएं।
सही जानकारी के साथ फॉर्म भरें।
अपनी वैलिड आईडी जमा करें।



## पहली बार कर रहे हवाई सफर, तो न करें ये गलतियां, Airport जाने से पहले जान लें ये 5 बातें

**हवाई जहाज की पहली यात्रा को यादगार बनाने के लिए इन ट्रैवल टिप्स का पालन करें। जानें एयरपोर्ट पर चेक-इन, सिक्योरिटी जांच और बैगेज से जुड़े नियम, ताकि बिना किसी परेशानी के आप अपनी यात्रा पूरी कर सकें।**

हवाई जहाज की पहली यात्रा हर किसी के लिए खास होती है, लेकिन इसके साथ थोड़ी घबराहट भी रहती ही है। एयरपोर्ट की प्रक्रिया, सिक्योरिटी चेक और सामान से जुड़े नियम पहली बार यात्रा कर रहे लोगों को कंफ्यूज कर देते हैं। ऐसे में अगर आप भी पहली बार फ्लाइट से यात्रा कर रहे हैं तो पहले से कुछ जरूरी बातें जान लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। अगर इन आसान नियमों को ध्यान में रखते हैं, तो आपकी पहली फ्लाइट का अनुभव बिना किसी परेशानी के यादगार बन सकता है।

**एक्सपर्ट की सलाह से समझें सही तरीका**

ट्रैवल एक्सपर्ट्स के मुताबिक, पहली बार फ्लाइट में सफर करने वाले लोगों को पहले से तैयारी कर लेनी चाहिए। सही समय पर पहुंचना, जरूरी दस्तावेज साथ रखना और एयरपोर्ट के नियम समझना आपकी यात्रा को बिना तनाव के बना सकता है।

**समय पर पहुंचना है सबसे जरूरी**

हवाई यात्रा में टाइमिंग बहुत मायने रखती है। घरेलू फ्लाइट के लिए 2 से 3 घंटे पहले और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट के लिए करीब 4 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना सही रहता है। इससे आपको चेक-इन और सिक्योरिटी के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और फ्लाइट मिस होने का खतरा नहीं रहता।

**जरूरी दस्तावेज रखना न भूलें**

घर से निकलते समय अपने सभी जरूरी डॉक्यूमेंट जरूर चेक करें। आपके पास टिकट (मोबाइल या प्रिंट), पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या पासपोर्ट होना चाहिए। अगर आप पहले से वेब चेक-इन कर लेते हैं, तो आपको बोर्डिंग पास मिल जाता है और लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ती।

**बैगेज के नियम पहले समझ लें**

फ्लाइट में सामान को लेकर सख्त नियम होते हैं। चेक-इन बैग वह होता है जिसे काउंटर पर जमा करना होता है और इसका वजन तय सीमा में होना चाहिए। कैबिन बैग आप अपने साथ प्लेन के अंदर ले जा सकते हैं, लेकिन इसका वजन आमतौर पर 7 किलो तक ही होता है। ध्यान रखें कि पावर बैंक, लैपटॉप और बैटरी जैसी चीजें हमेशा कैबिन बैग में ही रखें। वहीं, लिक्विड आइटम 100ml से ज्यादा नहीं होने चाहिए।

**एयरपोर्ट पर स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया**

सबसे पहले एंट्री गेट पर टिकट और आईडी दिखाकर अंदर जाएं। इसके बाद चेक-इन काउंटर पर बैग जमा करें और बोर्डिंग पास लें। फिर सुरक्षा जांच होती है, जहां आपके बैग और सामान की जांच की जाती है। आखिर में अपने बोर्डिंग गेट पर जाकर बैठें और अनाउंसमेंट का इंतजार करें।

**टेक-ऑफ और लैंडिंग के दौरान क्या होता है**


जब प्लेन उड़ान भरता है या जमीन पर उतरता है, तो कई लोगों के कान बंद हो जाते हैं या हल्का दर्द महसूस होता है। यह हवा के दबाव के कारण होता है और बिल्कुल सामान्य है। इससे राहत पाने के लिए आप टॉफी चबा सकते हैं, जम्हाई ले सकते हैं या इयरप्लग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**प्लेन के अंदर इन नियमों का रखें ध्यान**

फ्लाइट में सीट बेल्ट साइन ऑन होने पर बेल्ट बांधकर रखना जरूरी है। फ्लाइट अटेंडेंट्स के निर्देशों का पालन करें, क्योंकि वे आपकी सुरक्षा के लिए होते हैं। साथ ही, अपने मोबाइल फोन और अन्य डिवाइस को फ्लाइट मोड पर रखना न भूलें।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

## Somnath Temple Tour: कैसे पहुंचें, कहां रुकें? जानें Perfect Trip का पूरा Budget और हर जानकारी



सोमनाथ अमृत महोत्सव के बाद अगर आप प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन की योजना बना रहे हैं, तो यह ट्रैवल गाइड आपके लिए है, जिसमें पहुंचने के तरीके, घूमने का सही समय और आसपास के दर्शनीय स्थलों की पूरी जानकारी दी गई है। हाल ही में 11 मई 2026 को भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा पुनर्निर्मित इस पावन मंदिर के 75 साल पूरे हुए हैं। इसी अवसर पर सोमनाथ अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहुंचकर महापूजा की।

हिंदू धर्म में 12 ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ है। गौरतलब है कि सोमनाथ मंदिर की भव्यता और आस्था किसी परिचय की मोहताज नहीं है। ऐतिहासिक और आस्था का प्रंचड माहौल देखने के लिए आपका भी मन सोमनाथ जाने का जरुर कर रहा होगा। अगर आप सोमनाथ मंदिर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो इस लेख में हम आपको एकदम परफेक्ट ट्रैवल गाइड बताएंगे।

**कब जाना सबसे सही है?**

असल में सोमनाथ की यात्रा के लिए सबसे बढ़िया समय अक्तूबर से लेकर मार्च है। इस दौरान मौसम काफी सुंदर और दिलकश होता है। इसी अवधि में मंदिर के दर्शन करना और आसापास की जगहों को एक्सप्लोर करना काफी आनंदमय होता है। गर्मियों में अप्रैल से लेकर जून के महीने में यहां पर भीषण गर्मी देखने को मिलती है। इस समय यहां पर घूमना काफी मुश्किल होता है।

**सोमनाथ मंदिर कैसे पहुंचें?**

**- हवाई मार्ग-** यहां पर जाने के लिए सबसे नजदीकी एयरपोर्ट दीव है, जो कि लगभग 90 किलोमीटर है। इसके साथ ही राजकोट एयरपोर्ट भी जा सकते हैं।

**- रेल मार्ग-** आपको बता दें कि, सोमनाथ का अपना रेलवे स्टेशन है, लेकिन वेरावल रेलवे स्टेशन मुख्य जंक्शन है, जो देश के प्रमुख शहरों से अच्छे से जुड़ा हुआ है।

**- सड़क मार्ग-** अहमदाबाद, राजकोट और जामनगर से सोमनाथ के लिए नियमित बसें और टैक्सी उपलब्ध है।

**आस-पास घूमने के लिए जगहें**

**- त्रिवेणी संगम-** यह स्थान 3 नदियों का संगम है। यहां पर हिरण, कपिला और सरस्वती का मिलन हुआ है।

**- लाइट एंड साउंड शो-** शाम के समय मंदिर परिसर में लाइट शो होता है, जो सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास और इसके बार-बार पुनर्निर्माण की गाथा सुनाता है।

**- भालका तीर्थ-** यह स्थान वह है जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी देह त्यागी थी। यहां की शांति और ऐतिहासिक महत्व यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**-सोमनाथ और वेरावल बीच-** मंदिर के पास बीच सनसेट देखने के लिए सबसे सुंदर स्थान है। इधर आप ऊंट की सवारी कर सकते हैं।

**बजट और खान-पान**

सोमनाथ मंदिर में निःशुल्क प्रवेश है। यहां पर ठहरने के लिए स्ट के गेस्ट हाउस, धर्मशालाएं और अच्छे होटल उपलब्ध हैं, जिनकी ज्यादा कीमत नहीं है। खाने की बात करें तो यहां पर शुद्ध शाकाहारी गुजराती खाना और उत्तर भारतीय खाना स्वादिष्ट और सस्ते दाम में मिल जाता है।

**ट्रिप के दौरान किन बातों का ध्यान रखें?**

**- आरती का अनुभव-** यहां की शाम की आरती में जरुर शामिल हों। मंत्रोच्चारण की गूंज और समुद्र की लहरों का शोर पूरे वातावरण को जादुई कर देता है।

**- ड्रेस कोड और नियम-** मंदिर में मर्यादा में रहने के लिए सभ्य कपड़े पहनें। मंदिर के अंदर मोबाइल फोन, कैमरा और इलेक्ट्रॉनिक्स ले जाना सख्त माना है। इनको जमा करने के लिए बाहर क्लॉक-रुम की सुविधा है।

**- प्री-बुकिंग-** यदि आप त्योहारों या छुट्टियों के दौरान घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो रुकने से पहले व्यवस्था कर लें, जिससे आपको मंदिर के पास में ही रुम मिल जाए।

**- टाइम मैनेजमेंट-** सोमनाथ मंदिर के दर्शन करने के लिए 1 से 2 दिन का समय काफी है। यदि आपके पास ज्यादा समय तो यहां पर आसपास में स्थित गिर नेशनल पार्क या द्वारका का प्लान भी बना सकते हैं।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170